हडको /सी.एस./एस.ईई./2021 14 जुलाई, 2021

| | |
|---|---|
| लिस्टिंग विभाग | लिस्टिंग विभाग |
| बीएसई लिमिटेड | नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड |
| फ़िरोज़ जीजीभॉय टावर्स | एक्सचेंज प्लाजा, सी-1, ब्लॉक जी, |
| दलाल स्ट्रीट | बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई) |
| मुंबई- 400001 | मुंबई - 400051 |
| स्क्रिप कोड- 540530 | एनएसई सिम्बल-हडको |

**विषय: सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 30 के अनुसार 12 और 13 जुलाई, 2021 को आयोजित संस्थागत निवेश बैठकों के परिणाम।**

महोदय/महोदया,

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसार, कृपया हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संबंध में 12-13 जुलाई, 2021 को आयोजित संस्थागत निवेशक बैठकों के परिणाम संलग्न हैं ।

यह आपकी जानकारी एवं प्रसार के लिए है।

धन्यवाद,

भवदीय,

हरीश शर्मा

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
**हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि.**

संलग्न :- उपरोक्तानुसार ।

**हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हडको) के संबंध में मुंबई में 31 अगस्त से 1 सितंबर, 2023 तक आयोजित संस्थागत निवेशक बैठकों का परिणाम**

| | |
|---|---|
| बैठक की तिथि | 12 - 13 जुलाई 2021 |
| बैठक का प्रकार | वन-टू-वन आधार पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संस्थागत निवेशकों के साथ बैठक - |
| कंपनी प्रबंधन प्रतिनिधि: | • श्री कामरान रिज़वी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक<br>• श्री एम. नागराज, निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग)<br>• श्री डी. गुहन, निदेशक (वित्त)<br>• श्रीमती रेवा सेठी, कार्यकारी निदेशक (वित्त)<br>• श्री हरीश कुमार शर्मा, कंपनी सचिव<br>• श्रीमती डी.शेफाली सुधाकर, महाप्रबंधक (वित्त)/आई.आर.ओ.<br>• श्री अचल गुप्ता, महाप्रबंधक (वित्त) |
| क्या चर्चा में किसी अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी का प्रकटीकरण शामिल था? (यूपीएसआई) | नहीं |
| क्या चर्चा के दौरान कोई प्रस्तुति दी गई | हां, कॉर्पोरेट प्रस्तुतिकरण किया गया था और यह हडको की वेबसाइट तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर उपलब्ध है । |
| भाग लेने वाले निवेशकों का विवरण | प्रतिभागियों का विवरण संलग्न है । |
| चर्चा का सार | i) हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हडको) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। यह एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान (पीएफआई) भी है। हडको को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) के माध्यम से विनियमित किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में हडको देश भर में फैली विभिन्न आवास एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के वित्तपोषण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। |

| | |
|---|---|
| | ii) वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) 2,228.64 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 2,174.53 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कर-पश्चात लाभ (पीएटी) 1,578.58 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 1,708.42 करोड़ रुपये था।<br><br>iii) हडको की नेटवर्थ में 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है जो 2019-20 में 12,343.49 करोड़ रुपये से बढ़कर 2020-21 में 13,189.05 करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष के दौरान कुल आय 7,277.73 करोड़ रुपये रही।<br><br>iv) हडको बोर्ड ने शेयरधारकों की मंज़ूरी के अधीन 2.175 रुपये प्रति शेयर के लाभांश को भी मंज़ूरी दी है। उपरोक्त में वर्ष 2020-21 के दौरान पहले भुगतान किया गया 0.75 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश शामिल है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी द्वारा अनुशंसित कुल लाभांश 435.40 करोड़ रुपये है।<br><br>v) हडको का शुद्ध एनपीए 0.50% है, जो इस क्षेत्र में सबसे कम है। कंपनी ने 31 मार्च, 2021 तक 88.00% का स्वस्थ प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा है।<br><br>vi) वर्ष के दौरान कुल 9,201.78 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए, जिनमें से शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए स्वीकृत ऋण कुल 8,265.27 करोड़ रुपये थे। वर्ष के दौरान ऋण संवितरण 8,323.57 करोड़ रुपये था। वर्ष के दौरान परिचालन गतिविधियों में कमी मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सरकारी उधारकर्ताओं द्वारा ऋण उठाव में गिरावट के कारण हुई है, जहां सभी राज्य सरकारों और उनकी एजेंसियों को महामारी के प्रसार को रोकने का काम सौंपा गया था, जिसके परिणामस्वरूप संबंधित राज्यों में विकास गतिविधियों में मंदी आई।<br><br>vii) सरकारी एजेंसियों को दिए गए ऋण, ऋण पुस्तिका का 96.58% (संचयी) है, जिसमें सरकारी एजेंसियों को 100% वृद्धिशील ऋण दिया गया है।<br><br>viii) आवास, शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर और हडको-निवास खंडों को वित्तपोषण क्रमशः सकल ऋण पुस्तिका का 60.47%, 39.16% और 0.37% है। |

| | |
|---|---|
| | ix) हडको के पास मजबूत लिक्विडिटी और फंड प्रोफाइल बनी हुई है। कंपनी पुनर्भुगतान/रेडेम्पशन दायित्वों के साथ-साथ प्रचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्विडिटी बनाए रखती है। कंपनी ने आज तक बिना किसी देरी/डिफ़ॉल्ट के अपने ऋण/देनदारियों को समय पर करने का अपना बेदाग ट्रैक रिकॉर्ड भी बनाए रखा है।<br><br>x)हालाँकि हडको सरकार और सरकारी एजेंसियों की आवास और शहरी विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के क्षेत्र में काम करता है, इसलिए कंपनी का मानना है कि उसके पास एक बहुत ही स्थिर परिसंपत्ति वर्ग है जो अन्य परिसंपत्ति वर्गों की तुलना में बाधाओं का बेहतर ढंग से सामना कर सकता है।<br><br>प्रबंधन की उक्त आरंभिक टिप्पणियों के बाद बैठकों में प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गई। आचार संहिता और प्रक्रियाओं के अनुरूप, निवेशक कॉल के दौरान चर्चा कॉर्पोरेट प्रस्तुति तक ही सीमित थी, जो हडको और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर पहले से ही उपलब्ध है, और कंपनी के तिमाही/वार्षिक परिणाम और/या उद्योग/कंपनी के बारे में सार्वजनिक डोमेन में सामान्य जानकारी प्रकाशित की गई है। |

**हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**12 और 13 मई, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संस्थागत निवेशक बैठकों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का विवरण**

| दिनांक | समय | निवेशक का विवरण |
|---|---|---|
| 12 जुलाई, 2021 | पूर्वाहन 2:00 बजे – 3:00 बजे | बजाज अलायंज |
| | पूर्वाहन 3:30 – 4:30 बजे | डायमन एशिया |
| | पूर्वाहन 5:00 बजे – 6:00 बजे | जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया |
| 13 जुलाई, 2021 | पूर्वाहन 3:30 बजे – 4:30 बजे | i) एल एण्ड टी म्युच्युल फंड<br>ii) एडलविक प्रॉपर्टी<br>iii) क्वांट म्युच्युअल फड<br>iv) एम.के.कोहेसन |
| | पूर्वाहन 5:00 बजे – 6:00 बजे | i) ईस्टब्रिज केपिटल<br>ii) जिओस्फेयन केपिटल<br>iii) जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया<br>iv) शुभकाम वेन्चर्स |